आई टी एल पब्लिक स्कूल
सेक्टर 9 दवारका नई दिल्ली
सत्र 2014-15
संकलनात्मक मूल्यांकन (2)
सेट (ब)

दिनांक

कक्षा : पंचम

विषय :हिन्दी

---

भाग – क (पठन)

प्रश्न 1 दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5)

भारत को स्वतंत्र कराने में भारतीय नारियों का बहुत बड़ा हाथ रहा है। स्वतंत्रता के आंदोलन में उन्होंने पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। ऐसी नारियों में सरोजनी नायडू का नाम प्रथम श्रेणी में आता है। सरोजनी नायडू का जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में हुआ। इनके पिता संस्कृत के विद्वान होने के साथ साथ एक कुशल वैज्ञानिक भी थे। सरोजनी की माता श्री मती वरदा सुंदरी भी सुशिक्षित महिला थीं। सरोजनी को पुस्तकों से बड़ा प्रेम था। उनके हाथ में कोई न कोई पुस्तक रहती ही थी। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि केवल बारह वर्ष की उम्र में ही उन्होंने दसवीं की परीक्षा पास कर ली थी। बचपन से ही कविता पढ़ने में उनकी विशेष रूचि थी। वह गाती भी बहुत अच्छा थीं। जब वह मधुर स्वर में कविता पाठ करतीं तो उनके माता पिता बड़े प्रसन्न होते। सरोजनी स्वयं भी कविता लिखने लगीं। तेरह वर्ष की उम्र में ही उन्होंने एक लंबी और सुंदर कविता लिखी ,यह जानकर लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ। उन्होंने सरोजनी की बड़ी प्रशंसा की।

क) सरोजनी नायडू का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

**उत्तर सरोजनी नायडू का जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में हुआ।**

ख) सरोजनी नायडू की बचपन से किसमें रूचि थी?

**उत्तर बचपन से ही कविता पढ़ने में उनकी विशेष रूचि थी। वह गाती भी बहुत अच्छा थीं।**

ग) उन्होंने किस उम्र में लंबी और सुंदर कविता लिखी?

**उत्तर तेरह वर्ष की उम्र में ही उन्होंने एक लंबी और सुंदर कविता लिखी।**

घ) नायडू के माता -पिता क्या थे?

**उत्तर इनके पिता संस्कृत के विद्वान होने के साथ एक कुशल वैज्ञानिक भी थे। सरोजनी की माता श्री मती वरदा सुंदरी भी सुशिक्षित महिला थीं।**

ड) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखें। तारीफ़ - **प्रशंसा,** आज़ाद -**स्वतंत्र**

भाग – ख (भाषा)

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों में उचित संख्या (गिनती) शब्दों में लिखिए । (2)

(क)साठ में पाँच जोड़ने पर ___पैंसठ___ बनते हैं। (ख)छप्पन के बाद ___सत्तावन___ आता है।

(ग)सतासी से पहले ___छियासी___ आता है। (घ)इकतालीस और तैंतालीस के बीच ___बयालीस___ आता है।

प्रश्न 3 नीचे लिखी गिनती को **हिन्दी अंकों में** लिखिए। (2)

क) 77- 77 ख)63- 63 ग)54 -54 घ)92 -92

प्रश्न 4 रिक्त स्थान में उचित सर्वनाम शब्द भरकर उनके भेद लिखें । (2)

क) क्या ___मैं___ नई पुस्तक खरीद सकता हूँ? पुरुषवाचक सर्वनाम

ख) रमा होशियार है और ___वह___ हमेशा शांत रहती है। पुरुषवाचक सर्वनाम

प्रश्न 5 रेखांकित शब्दों के उचित पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए। (2)

क) मैंने पहली बार **पहाड़** पर चढ़कर सुंदर तस्वीरें खींची।

मैंने पहली बार **पर्वत / गिरि / नग** पर चढ़कर सुंदर तस्वीरें खींची ।

ख) यदि किसी को मेरी **मदद** की ज़रूरत है तो मैं आ जाऊँगा।

यदि किसी को मेरी **सहायता/ सहयोग** की ज़रूरत है तो मैं आ जाऊँगा।

प्रश्न 6 रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए। (2)

क) एक बार गाँव में एक मूर्ख व्यक्ति ने उपदेश दिया। क)एक बार गाँव में एक **ज्ञानी** /होशियार व्यक्ति ने उपदेश दिया।

ख)हमें हमेशा दूसरों के दोष देखने चाहिए। ख)हमें हमेशा दूसरों के **गुण** देखने चाहिए।

ग)हमारी सभी परीक्षाएँ मौखिक होती हैं। ग)हमारी सभी परीक्षाएँ **लिखित** होती हैं।

घ)सरदी के मौसम में लोग पहाड़ों पर घूमने जाते हैं। घ)**गरमी** के मौसम में लोग पहाड़ों पर घूमने जाते हैं।

प्रश्न 7 रिक्त स्थान में उचित विशेषण शब्द भरें व उनके भेद भी बताएँ - (2)

क) गाड़ी में **पाँच लीटर** पेट्रोल डाल दो। (छात्र अन्य शब्द भी लिख सकते हैं)परिमाणवाचक विशेषण

ख)राहुल के पिताजी बहुत अमीर@ होशियार@ अच्छे हैं।। (छात्र अन्य विशेषण भी लिख सकते हैं )गुणवाचक

प्रश्न 8 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए। (2)

क) जो कम बोले। अल्प**भाषी** ख)आकाश में घूमने वाले। **नभचर**

ग) दूसरों पर उपकार करने वाला **परोपकारी** घ) जिसके माता पिता न हों। **अनाथ**

प्रश्न 9 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए। (2)

क)मुँह में पानी आना-- जी ललचाना ख)हवा से बातें करना-- बहुत तेज दौड़ना

(छात्र सार्थक वाक्य स्वयं बनाएँगे)

**प्रश्न 10 रिक्त स्थानों में उचित क्रिया शब्द लिखिए।** (2)

क) बच्चे मैदान में ___खेल रहे हैं___। ख) आओ हम सब छत पर ___बैठेंगे___।

ग)गाड़ी समय पर ___आ जाएगी___। घ)रमन पानी में कागज की नाव ___तैरा रहा है___।

(इस के अतिरिक्त छात्र अन्य क्रिया भी लिख सकता है। )

प्रश्न 11 कोष्ठक में दिए गए काल के अनुसार वाक्य बदलिए। (2)

क) पूजा की बहन आगरा गई। (वर्तमान काल) क) पूजा की बहन आगरा जा रही है। (वर्तमान काल)

ख)मेरा मित्र कलकता से आ रहा है। (भविष्यत काल) ख)मेरा मित्र कलकता से आएगा। (भविष्यत काल)

## भाग – ग (साहित्य)

प्रश्न 12 निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

(क)नीर- पानी@ जल (ख)तनिक- जरा सा (ग)याचना- प्रार्थना निवेदन (घ)प्रतीक्षा - इंतजार

प्रश्न 13 कविता की निम्न पंक्तियों को पूरा कीजिए। (2)

चलो, नई ___मिसाल___ हो
जलो, नई ___मशाल___ हो
___बढ़ो___, नया कमाल हो
झुको नहीं
___रुको नहीं___
बढ़े चलो, बढ़े चलो ।

प्रश्न 14 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4)

(क)पहाड़ी के पीछे काला धब्बा क्या था ? **उत्तर** (क)पहाड़ी के पीछे काला धब्बा वास्तव में बकरी थी।

(ख)बालक के पिता कौन थे व कहाँ थे ?

**उत्तर बालक के पिता मौर्य वंश की सेना के सेनापति थे। वे महापदमनंद के बंदीगृह में थे।**

(ग)शबाना के माता पिता किस क्षेत्र से जुड़े थे ?

**उत्तर शबाना के पिता उर्दू के लेखन से जुडे थे जबकि माता जी रंगमंच की कलाकार थी।**

(घ) मेट्रो के गहने किसे कहा गया है? उसकी साफ सफाई को मेट्रो के गहने कहा गया है।

प्रश्न **15** निम्न तथ्यों को सही करके दोबारा लिखिए। **(2)**

(क)विहाग ने कहा कि फिर जो जीतेगा उसे मैं अपना आधा राज्य दे दूँगा।

**(क)विहाग ने कहा कि फिर जो जीतेगा उसे मैं अपना फूलों का मुकुट दे दूँगा।**

(ख) अजंता की गुफा की छत पर खूबसूरत चित्र बने हैं।

**(ख) अजंता की गुफा की छत उबड़ खाबड़ हैं।**

प्रश्न **16** उचित रिक्त स्थान भर कर वाक्य पूरे करें। **(2)**

**(क)** बालक की माँ ने कहा हमारे पति को राजा ने **बंदीगृह** के लिए भेजा है।

(ख) **लिखते वक्त** अब्बा के स्टडी का दरवाजा भी खुला रहता था।

प्रश्न **16** निम्नलिखित पंक्तियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें। **(2)**

धुआँ न देता इस का इंजन,
इससे रहता दूर प्रदूषण।
सबको मेट्रो बहुत पसंद,
अदभुत है इसका आनंद।

(क) ये पंक्तियाँ कौन-सी कविता से ली गई हैं व इसके कवि कौन हैं?

कविता हम तेरे आभारी मेट्रो कवि शेरजंग गर्ग

(ख) सबको मेट्रो क्यों पसंद है? क्योंकि इसका इंजन धुआँ नही देता है जिससे प्रदूषण नहीं होता।

प्रश्न **17** निम्न प्रश्नों के उत्तर अधिकतम शब्दों में दीजिए। **(6)**

(क) शबाना को शर्मिंदगी किस बात की थी और वह गौरव में कैसे बदल गई?

शबाना के अब्बा दूसरों के पापा जैसे नहीं थे वे अंग्रेजी भी नहीं बोलते थे। परन्तु एक दिन अख़बार में उनका नाम छपने पर शबाना की शर्मिंदगी गौरव में बदल गई।

ख)"शिकार करना बुरी बात है" कैसे? अपने विचार **2-3** पंक्तियों में लिखिए।

**उत्तर** शिकार करना बुरी बात है पशुओं में भी भावनाएं होती हैं उनका भी परिवार होता हैं यदि उनका शिकार किया जाए तो उनका परिवार बिखर जाएगा। (इसके अतिरिक्त छात्र अपने वाक्य भी लिख सकता है)

ग)अजंता की गुफा में आवाज़ गूँजने का क्या रहस्य है?

आवाज़ के गूँजने का कारण जवालामुखी का पिघला हुआ लावा है।एक विचित्र प्रकार की चटटान इस गुफा की छत का काम करती हैउसके बड़े बड़े बेडोल कूबड़ हजारों सालों से नीचे लटके हुए हैं।यह ज्वालामुखी का पिघला हुआ लावा है जो किसी भी आवाज़ को कोने कोने तक पहुचाने में मदद करता है।

घ)यदि आप रेलगाड़ी या बस से यात्रा कर रहे हो तो आप का व्यवहार कैसा होना चाहिए? हमारा व्यवहार सब जगह एक सा होना चाहिए ।अपने सहयात्रियों के साथ विनम्र रहना चाहिए व यातायात के नियमों का पाालन करना चाहिए (इसके अतिरिक्त छात्र उत्तर स्वयं भी लिख सकते हैं।)

## भाग – घ (लेखन)

प्रश्न **18** कोई एक कीजिए। (पत्र लेखन या अनुच्छेद लेखन) **(5)**

क) खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कक्षा अध्यापिका को प्रार्थना पत्र लिखिए।या

ख) मेरा भारत महान( देवताओं की भूमि, पहाड़, हरियाली, पवित्र नदियाँ, भोले भाले व मेहनती लोग, वीरों की धरती, भारत की विशेष बातें, त्योहारो का देश, अनेकता में एकता, समापन) छात्र किसी एक विषय पर स्वयं लिखेंगे।